FORM No III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर (मु0) अजमेर मुकाम अजमेर

रमेशचन्द बनाम सरकार

किस्म मुकदमा बाजदायरी प्रा0पत्र मु0न0 18/2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
04.2025	प्रार्थी अभिभाषक के द्वारा बाजदायरी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी अभिभाषक को सुना गया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो अप्रार्थी को नोटिस जारी हो। पत्रावली दिनांक 22.05.2025 को पेश हो। सहायक कलक्टर (मु0) अजमेर	

22/5/25 पत्रावली पेश हुई। वकील वादी उपस्थित अप्रार्थी की ओर से अधिवक्ता श्री ओमप्रकाश गुर्जर ने वकालतनामा पेश कर जवाब हेतु समय चाहा समय दिया जाता। पत्रावली दिनांक। इतना लिखने पर G.A मे स्वीकार किया है कि बाजदारी प्रार्थना-पत्र है जिसमें कोई राजहित निहित नहीं है ना ही राजकीय हित प्रभावित होते है जिसमे प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाता है तो कोई आपत्ति नहीं है। प्रार्थी ने निवेदन किया की मूल वाद में तनकीपात कायम होनी थी जिस हेतु दिनांक 21.1.25 को वाद नियत था उक्त तिथि को वादी की तबीयत ठीक नहीं होने से न्यायालय में हाजीर नहीं हो सका ना ही अपने अधिवक्ता से सम्पर्क कर सका जिस कारण वाद अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज कर दिया गया। उक्त वाद में वादी के हित निहित है जिसे पुनः नम्बर पर लिया जाकर सुनवाई का अवसर प्रदान करावे।

वादी द्वारा दिये गये कथन उचित प्रतीत होते है, अप्रार्थी G.A. द्वारा भी एतराज नहीं किया जाता। प्रा० पत्र स्वीकार किया जाकर मूल वाद पुनः नम्बर पर लिये जाने का आदेश दिया जाता है। यह बाजदारी प्रार्थना-पत्र फैसल शुमार होकर मूल वाद के साथ नत्थी हो। यह आदेश आज खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सहायक कलक्टर (मु0) अजमेर